तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 16 जुलाई 2024

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]


4 नवाजतन योजना में गड़बड़ी की जांच करने बनी कमेटी



## खबर संक्षेप

### अदिति पटेल बनी चार्टर्ड एकाउंटेंट



**कोरबा।** नगर निगम में पदस्थ सहायक अभियंता लीलाधर पटेल की सुपुत्री कु.अदिति पटेल वर्ष 2024 की सीए की परीक्षा सम्मानजनक अंकों के साथ उत्तीर्ण कर चार्टर्ड अकांउटेड बनी है। लीलाधर पटेल एवं श्रीमती सीमा पटेल की सुपुत्री कु.अदिति पटेल शुरू से ही मेधावी छात्र रही हैं, उन्होंने 83 प्रतिशत अंकों के साथ 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात सीए बनने का लक्ष्य निर्धारित किया, रायपुर के निजी कालेज से बी.कॉम, एम.कॉम की पढाई करने के साथ-साथ उन्होने सीए की तैयारी की तथा वर्ष 2024 की सी.ए. की परीक्षा में सफलता हासिल किया। कु.अदिति पटेल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरूजनों एवं माता-पिता को दिया है।

### सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**कोरबा।** संघ लोक सेवा आयोग द्वारा वर्ष 2024-25 में आयोजित होने वाले सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी हेतु जिले के अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। राजीव युवा उत्थान योजना अंतर्गत राज्य के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों से कुल 185 सीटों पर आवेदन आमंत्रित किया गया है। जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति 50 प्रतिशत, अनुसूचित जाति 30 प्रतिशत व ओबीसी के 20 प्रतिशत छात्र चयनित होंगे। साथ ही प्रत्येक वर्ग में 33 प्रतिशत महिलाओं के लिए आरक्षित होगा। यह कोचिंग नई दिल्ली में आयोजित होगी। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया है कि जिले के इच्छुक आवेदक आगामी 5 अगस्त रात्रि 12 बजे तक विभागीय वेबसाइट आवेदन कर सकते हैं।

### मोहर्रम पर्व पर जिले में नहीं बिकेगी शराब

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत ने जिले में मोहर्रम पर्व के अवसर पर 17 जुलाई को शुष्क दिवस घोषित किया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उप-धारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 17 जुलाई को मोहर्रम के अवसर पर जिले की समस्त देशी, विदेशी, प्रीमियम, कम्पोजिट मदिरा दुकानें, एफ.एल.3, एफ.एफ.3क को पूर्णतः बंद रखे जाने हेतु आदेशित किया है।

### डीएमएफ से विकास कार्य के लिए सौंपा ज्ञापन

**कोरबा।** महापौर राजकिशोर प्रसाद के नेतृत्व में निगम के पार्षदों के प्रतिनिधि मण्डल ने निगम क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्य कराए जाने हेतु जिला खनिज संस्थान मद से 123 करोड़ रूपये से अधिक के विकास कार्यो की स्वीकृति हेतु कलेक्टर को ज्ञापन सौपा है। प्रतिनिधि मण्डल ने निगम की मेयर इन काउंसिल की सदस्य सपना चौहान, सुनीता राठौर, कृपाराम साहू, पालूराम साहू, पार्षद पुष्पा देवीदयाल सोनी सहित अन्य लोग शामिल थे।

### विश्व जनसंख्या दिवस एवं जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा 24 तक

**कोरबा।** जिले में परिवार नियोजन के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से 24 जुलाई तक विश्व जनसंख्या दिवस एवं जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देष पर जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा प्रचार-प्रसार रथ को रवाना किया गया है। यह प्रचार रथ जिले के सभी विकासखण्डों में घूमकर परिवार नियोजन के स्थाई तथा अस्थाई साधन के संबंध में जागरूकता प्रदान करेगा।

## वन विभाग ने किया था वन महोत्सव का आयोजन, जिले में पहली बार अमेरिका जैसे देश को भी पछाड़ा

# छात्र और स्वच्छता दीदी ने ऐसा किया कमाल, 10 मिनट में 2273 पौधे रोपकर बनाया वर्ल्ड रिकार्ड



कार्यक्रम को संबोधित करते उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन।



पौधरोपण करते स्कूल के छात्र व स्वच्छता दीदी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा वनमंडल की टीम ने आज एक नया इतिहास रच दिया है। भला आप सोच रहे होंगे कि यह इतिहास क्या है तो हम आपको बता दें कि वन विभाग की टीम ने पौधरोपण के मामले में अमेरिका के रिकार्ड को ध्वस्त करते हुए स्कूली छात्र-छात्राओं व स्वच्छता दीदियों की मदद से एक समय में एक ही स्थल पर 10 मिनट के भीतर 2273 पौधों का रोपण कर गोल्डन बुक ऑफ रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कर लिया है। अब तक इससे पहले यह रिकॉर्ड अमेरिका के नाम था जिसे वन विभाग की टीम ने अब अपने नाम पर दर्ज करा कर एक नया इतिहास रचा है। जिसके गवाह प्रदेश के श्रम एवं वाणिज्य मंत्री लखन लाल देवांगन व रामपुर विधायक फूल सिंह राठिया सहित कोरबा कलेक्टर अजित वसंत, सीईओ जिला पंचायत संबित मिश्रा व वन मंडल अधिकारी अरविंद पी.एम. रहे।

पूरे देश में एक पेड़ मां के नाम विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान को कैसे अनोखा बनाया जाए इसके लिए कोरबा वनमंडलाधिकारी अरविंद पीएम के मन में सवाल आया फिर क्या था उन्होंने प्रशिक्षु आई. एफ. एस चंद्र कुमार अग्रवाल, एसडीओ द्वय आशीष खेलवार, सूर्यकांत सोनी व उनकी टीम के साथ मैराथन बैठक की और वृहद स्तर पर पौधरोपण करने का फैसला लिया। इसके लिए उन्होंने कोरबा रेंज के अंतर्गत आने वाले नकटीखार के भालूसटका स्थल को चुना था। फिर सोमवार को आसपास क्षेत्र के 11 स्कूलों में अध्यापन करने वाले छात्र-छात्राएं व नगर निगम के स्वच्छता दीदियों को मौके पर बुलाया गया जहां वन विभाग के नेतृत्व में स्कूली छात्र-छात्राओं व स्वच्छता दीदियों ने एक ही स्थल पर 2273 पौधों का एक साथ रोपण किया गया जो छत्तीसगढ़ ही नहीं पूरे वर्ल्ड में एक साथ एक समय पर एक ही स्थल पर रोपण करने का नया रिकॉर्ड बन गया। गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के स्टेट हेड सोनल राजेश शर्मा के द्वारा इस कार्य के वर्ल्ड रिकार्ड बनने का सर्टिफिकेट उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के हाथों कोरबा वनमंडल अधिकारी अरविंद पीएम को प्रदान किया गया। इस रिकॉर्ड में जुड़े सभी प्रतिभागियों व उनके प्राध्यापकों को मंत्री के करकमलों से सहभागिता सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।

### 5 एकड़ जमीन पर किया गया पौधारोपण

वन विभाग के एसडीओ आशीष खेलवार ने जानकारी देते हुए बताया कि वन विभाग की टीम ने सोमवार को एक साथ भालूसटका के 5 एकड़ जमीन पर सुबह 10 बजे मात्र 10 मिनट के समय में 2273 नग पौधों का रोपण एक साथ किया गया है इससे पहले गोल्डन बुक में यह रिकॉर्ड अमेरिका के नाम पर दर्ज था जो वर्ष 2022 में यहां के रहने वाले लोगों ने 1347 पौधों का रोपण दर्ज कर यह रिकार्ड अपने नाम किया था।

### गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की स्टेट हेड पहुंची थी कोरबा

कोरबा वनमंडलाधिकारी अरविंद पीएम, एसडीओ आशीष खेलवार, एसडीओ सूर्यकांत सोनी व उनकी पूरी टीम इस रिकार्ड को बनाने के लिए पिछले एक महीने से प्रयास में जुटे हुए थे और ताकि यह रिकॉर्ड कोरबा के नाम दर्ज हो सके। इस अभियान को रिकॉर्ड करने के लिए गोल्डन बुक ऑफ रिकॉर्ड के छत्तीसगढ़ स्टेट हेड सोनम शर्मा भी मौके पर पहुंची हुई थी। जहां उन्होंने इस पूरे गतिविधियों को रिकॉर्ड किया। इसके उपरांत सोनम शर्मा द्वारा गोल्डन बुक ऑफ रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र भी कोरबा वनमंडलाधिकारी को प्रदान कर दिया है।

### जिला जेल परिसर में भी रोपे गए एक हजार पौधे



पूरे देश भर में एक पेड़ मां के नाम पर अभियान चलाया जा रहा है। इस कड़ी में जिले के अलग-अलग संस्थाओं द्वारा पौधे का रोपण किया जा रहा है। इसी के तहत सोमवार को जेल महानिदेशक राजेश मिश्रा के निर्देश पर जेलर विजय आनंद के नेतृत्व में क्षेत्र के विभिन्न महिला संगठन व आम लोग उपस्थित हुए। जहां जेल परिसर में विभिन्न प्रजाति के लगभग 6 सौ पौधों का रोपण किया गया। जेलर विजयानंद सिंह ने बताया कि जेल परिसर व उसके आसपास लगभग 1 हजार पौधा रोपण करने का लक्ष्य रखा गया है जिसे एक या दो दिनों में जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। विभाग का भरपूर प्रयास होगा कि यह पौधे जल्द ही वृक्ष का रूप धारण करें और इन रोपे गए पौधों में ज्यादातर पौधे औषधियुक्त व फलदार वृक्ष हैं।

### इन पौधों का हुआ रोपण

पौधरोपण अभियान के दौरान वन अमले ने पीपल, बरगद, जामुन, अर्जुन, नीम, आम, साजा, बहेड़ा जैसे विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया है। आने वाले वर्षों में यह पौधे वृक्ष का रूप ले लेंगे और ये वृक्ष क्षेत्रीय लोगों के लिए संजीवनी साबित होंगे क्योंकि इस इलाके में बेहतर ऑक्सीजन की सप्लाई हो सकेगी तो वहीं दूसरी ओर इस क्षेत्र में बसने वाले दर्जनों ग्राम पंचायत के लोगों को फल से लदे पेड़ भी मिलेंगे तो वहीं दूसरी ओर गर्मी के दिनों में लोग इन वृक्षों की छाया में आनंद भी उठा सकेंगे।

### 13 स्कूलों से बच्चे शामिल थे



कोरबा वन विभाग द्वारा आयोजित कोरबा वन महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम अभियान के अन्तर्गत क्रीब जिले के 13 विद्यालयों के बच्चो ने एक पेड़ अपनी मां के नाम पर क्रीब 2 हजार से अधिक बच्चो ने पौधरोपण किया। इस अवसर पर कोरबा डीएफओ अरविंद, आशीष खैरवार, सूर्यकांत सोनी, श्री अग्रवाल, बालको रेंजर जयंत सरकार की उपस्थिति में भाजपा के वरिष्ठ युवा नेता गजेंद्र मानसर, मोहन सिंह, भुनेश्वर तिवारी विशेष रूप से उपस्थित होकर पौधरोपण किया।

# डिलाइट क्लॉथ में लगी आग सारा माल जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में आगजनी की घटना थमने का नाम नहीं ले रही है। बारिश का सीजन शुरु होने के बाद भी आग लगने की घटनाएं जारी है। रविवार की रात एक कपड़ा दुकान में देर रात आगजनी की घटना सामने आयी। दमकल की टीम को आगजनी की सूचना मिलने पर टीम मौके पर पहुंची और घंटों मशक्कत के बाद आग को काबू किया गया। इस आगजनी की घटना से दुकान संचालक को लाखों का नुकसान होने की संभावना जताई जा रही है।

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत संचालित डिलाइट क्लॉथ में रविवार की देर रात लगभग 10:20 बजे आग लगने की घटना घटित हो गई। जिस वक्त यहां आग लगी दुकान बंद हो चुकी थी और संचालक सहित कर्मचारी घर जा चुके थे। एकाएक आग लगने की सूचना फैलते ही आसपास के दुकानदारों में हड़कंप मच गया और आग को बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया गया। कोतवाली पुलिस और दमकल वाहन वहां पहुंचे और आग पर काबू पाया गया। बताया जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से दुकान के ऊपरी मंजिल से लगी। दुकान के सामने से हाई टेंशन तार गुजरी हुई है और यहां पेड़ की डालियां भी लटक रही हैं। ऐसी चर्चा है कि तार के आपस में टकराने से शॉर्ट सर्किट होने से उत्पन्न चिंगारी के संपर्क में दुकान की सजावट के लिए उपयोग में लगाई गई ज्वलनशील सामग्री का संपर्क होने से आग भड़क गई और दुकान के अंदर तक फैल गई है। फिलहाल इस आगजनी की घटना से दुकान संचालक को लाखों का नुकसान होने की संभावना जताई जा रही है।



कपड़े की दुकान में लगी भीषड़ आग।

# दो मकानों में चोरों का धावा, लाखों का माल पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों में चोरों ने दो मकानों में धावा बोलकर लाखों का माल पार कर दिया है। दोनों मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत अग्रोहा मार्ग संजय नगर निवासी पीयूष अग्रवाल गांधी चौक कोरबा में इलेक्ट्रीकल दुकान का संचालन करता है। 10 जुलाई की सुबह 7 बजे पीयूष जब सोकर उठा तो देखा कि उसके घर के छज्जे पर रखा एसी का आउट डोर यूनिट नहीं था। तब पीयूष को चोरी की आशंका होने पर घर के अन्य रिश्तदारों से जानकारी ली तो तो पता चला कि घर से दो नग घरेलू गैस सिलेन्डर, एसी का आउट डोर यूनिट एक नग, एक नग पुराना टुल्लु पम्प, दो नग हैवल्स कंपनी का पुराना सीलिंग पंखा, तथा गुल्लक में रखे 4 हजार रुपए नगद तथा घर के स्टोर रूम में रखे लोहे के पुराना सरिया कबाड़ का समान को किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उसकी खोजबीन शुरु कर दी है। दूसरी घटना उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम बरपाली निवासी अभिषेक शर्मा पिता स्व. रामकुमार शर्मा का कोरबा-चांपा मुख्य मार्ग में उसका मकान है। अभिषेक 11 जुलाई को सपरिवार शादी कार्यक्रम में हथनेवरा गया था जहां से रात 1 से 2 बजे जब घर वापस आया तो अपने कमरे में जाकर सो गया सुबह मां के कमरे पर गया तो अलमारी खुला मिला जब अपनी मां से पूछा तो सोना चांदी उसी में था तो वो बताई सब वहीं था। इसके बाद चोरी हो जाने की पुष्टी के बाद अभिषेक ने थाना में सूचना दिया। अज्ञात आरोपी के द्वारा 1 नग सोने का हार, अंगुठी, कान की बाली, कान का सेट, सोने का चैन सहित लाखों रुपए का माल पार दिया है। अभिषेक की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उसकी खोजबीन शुरु कर दिया है।

### पीडीएस दुकान में चोरी

कोरबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दमहामुड़ा निवासी कमलेश कुमार राज उम्र 32 वर्ष पिता स्व. वेदसिंह राज ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि शासकीय उचित मूल्य की दुकान से अज्ञात चोरों ने चना की चोरी की थी इस मामले में पुलिस ने उसी गांव में निवास करने वाले आरोपी जयनारायण यादव उम्र 21 वर्ष पिता सुखराम यादव के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।




## खबर संक्षेप

### लापरवाह छात्रावास अधीक्षक निलंबित

**बिलासपुर।** संस्थान से लगातार अनुपस्थित रहने और लापरवाही के आरोप में तखतपुर विकासखण्ड के प्री मेट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास बेलसरी के अधीक्षक देवेन्द्र पाण्डेय को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। कलेक्टर अवनीश शरण ने जांच प्रतिवेदन के आधार पर पाण्डेय के निलंबन के आदेश जारी किए हैं। उल्लेखनीय है कि श्री पाण्डेय अधिकांश बार संस्था के निरीक्षण के दौरान गायब रहे। छात्रावास के बच्चों के अनुसार उन्हें नाश्ता नहीं मिलता और अन्य आवश्यक सामग्री भी उपलब्ध नहीं कराई जाती। काम भी रूचि नहीं दिखाने पर चार्ज देने के आदेश जारी किए गए। लेकिन उन्होंने चार्ज भी नहीं दिया। वरिष्ठ अधिकारियों के कई आदेशों की अवज्ञा की गई। कर्तव्यहीनता के लिए जारी नोटिस का जवाब भी नहीं दिया गया। इसलिए देवेन्द्र पाण्डेय का सिविल सेवा आचरण नियमों के विपरित काम करने पर निलंबित कर दिया गया है। उनका इस दौरान मुख्यालय एसीटीडब्ल्यू कार्यालय बिलासपुर होगा। नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

### खराब सड़क और गड्ढे से लोग परेशान



**बिलासपुर।** नर्मदा नगर चौक से उसलापुर जाने वाली बासयपास सड़क श्रीवास धर्मशाला के पास पूरी तरह से खराब हो चुकी है। यहां बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। बारिश के चलते अब इन गड्ढों में पानी भर रहा है। ऐसे में यहां से गुजरने वाले नागरिक परेशान है। आसपास के लोग इसे लेकर कई बार जनप्रतिनिधियों और अफसरों से शिकायत भी कर चुके है, इसके बाद भी अब तक इस सड़क की मरम्मत नहीं हो पाई है।

### सर्पदंश से महिला की मौत, मर्ग कायम

**रामानुजगंज।** सुबह सुबह घर से बाहर निकली महिला की सर्पदंश से मौत हो गई। सांप काटने के बाद महिला को परिजन अस्पताल लेकर जाने की तैयारी कर रहे थे लेकिन उससे पहले ही उसने दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि विजयनगर चौकी अंतर्गत ग्राम बानापति निवासी 30 वर्षीया मानमति सरूता पति कपिलदेव सरूता 14 जुलाई की सुबह शौच के लिए घर से बाहर गई हुई थी। महिला जब घर वापस लौटी तो घर में रखे चारपाई पर बैठकर और परिजन को जानकारी दी कि उसे किसी जहरीले सांप ने काट लिया है। कुछ समय बाद महिला बेहोश हो गई। ससुर हरदेव सरूता ने बताया कि महिले के बेहोश होने पर जब एक मुर्गी को महिला के शरीर से सटाया गया तो मुर्गी भी मर गई जिसके बाद वे महिला को उपचार के लिए अस्पताल लेकर जाने की तैयारी कर रहे थे लेकिन तब तक महिला की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**जांजगीर-चांपा।** अज्ञात वाहन ने मोटर साइकिल सवार युवक को जोरदार ठोकर मार दी है। हादसे में युवक के सिर पर गंभीर चोट आने से मौत हो गई। नाराज पत्नी को मनाने के लिए ससुराल ग्राम मुड़पार जा रहा था। अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, 3 दिन पहले दरबीन हंसराज उम्र 35 वर्ष और उसकी पत्नी के बीच आपसी विवाद हुआ था। इससे नाराज होकर दरबीन की पत्नी बच्चे को साथ में लेकर अपने मायके ग्राम मुड़पार चली गई थी। अपनी नाराज पत्नी को मना कर घर वापस लाने की बात कहते हुए घर से बाइक लेकर मुड़पार जाने के लिए निकला था। सिटी कोतवाली थाना प्रभारी प्रवीण द्विवेदी ने बताया कि रविवार की रात 12 से 1 बजे के बीच अज्ञात वाहन ने मोटर साइकिल सवार युवक को जोरदार ठोकर मारी है।

---

## हाईकोर्ट ने याचिका निराकृत की, याचिकाकर्ता सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी में

# कांग्रेस को जमीन आबंटन का मामला निराकृत, कलेक्टर लेंगे फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुराना बस स्टैंड स्थित राज्य परिवहन निगम की स्वामित्व वाली जमीन को कांग्रेस कार्यालय भवन के लिए आवंटित करने के खिलाफ दायर जनहित याचिका निराकृत कर दी गई है। हाईकोर्ट ने मामले में कलेक्टर को दो सप्ताह में फैसला लेने का निर्देश दिया है।

- शासन ने कहा- दो साल में आबंटन शुल्क जमा नहीं कर सकी कांग्रेस पार्टी

इस मामले में शासन की ओर से कहा गया था कि आबंटित जमीन की फीस की राशि कुल एक करोड़ 70 लाख रुपए कांग्रेस कमेटी दो साल में जमा नहीं कर सकी है, दूसरी ओर कांग्रेस ने अपने जवाब में कहा था कि चूंकि मामला हाईकोर्ट में लंबित है इसलिए यह राशि जमा नहीं हो सकी। कांग्रेस कमेटी की ओर से बिलासपुर कलेक्टर के समक्ष 6 महीने के अतिरिक्त समय की मांग भी की गई है। इसी आवेदन पर कलेक्टर को फैसला लेने हाईकोर्ट ने कहा है। दूसरी ओर याचिकाकर्ता के वकील अभीजित सरकार का कहना है कि चूंकि यह फैसला मैरिट के आधार पर नहीं हुआ है, इसलिए सुप्रीम कोर्ट में अपील की जाएगी।

बिलासपुर निवासी रजनीश ताम्रकार ने एक जनहित याचिका दायर कर कहा था कि, शासन शहर के पुराने बस स्टैंड स्थित जमीन को कांग्रेस दफ्तर हेतु आवंटित कर रहा है, जबकि इस जगह का इस्तेमाल आम लोगों के हित में किया जाना था। यहां यह जमीन अस्पताल के लिए आबंटित है, इसलिए अस्पताल ही बनना चाहिए। याचिका में कहा गया कि सार्वजनिक उपयोग के स्थल को किसी राजनैतिक दल को सौंप देना प्रजातांत्रिक व्यवस्था के भी खिलाफ है। इस जनहित याचिका पर पहले चीफ जस्टिस की डीविजन बेंच में हुई सुनवाई के दौरान पूर्ववर्ती शासन ने कोर्ट को बताया था कि जमीन का आवंटन निगम अधिनियम नहीं, बल्कि भू राजस्व संहिता के अनुसार कैबिनेट से प्रस्ताव पास करते हुए किया गया था। याचिका में यह भी कहा गया कि करोड़ों की जमीन को कौड़ी के मोल दे दिया गया है और इसका आबंटन निरस्त किया जाना चाहिए। याचिकाकर्ताओं ने एक और मुद्दा उठाया था कि अगर किसी राजनीतिक दल को पार्टी कार्यालय भवन के लिए जगह आवंटित की गई है, तो दोबारा उसी शहर में जमीन आवंटित नहीं की जा सकती।

### नियमों का पालन ही नहीं किया गया

इसके जवाब में याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि अतिक्रमित शासकीय भूमि के व्यस्थापन, शासकीय भूमि के आबंटन व वार्षिक भू भटक के निर्धारण, वसूली प्रक्रिया के सम्बन्ध में छ.ग. राजस्व पुस्तक परिपत्र के वर्तमान प्रावधानों में आंशिक संशोधन किए गए हैं। इसके अनुसार 7500 (सात हजार पांच सौ वर्गफुट तक की शासकीय भूमि के 30 वर्षीय पट्टे पर आबंटन तथा अतिक्रमित शासकीय भूमि के व्यस्थापन का अधिकार जिला कलेक्टोरेट को होगा। इससे अधिक शासकीय भूमि के पट्टे पर आबंटन तथा अतिक्रमित शासकीय भूमि के व्यस्थापन का अधिकार राज्य शासन को है। याचिकाकर्ता ने कहा कि नियमों का पालन किए बिना ही छ.ग. शासन द्वारा कांग्रेस भवन निर्माण हेतु 12 फरवरी 2022 को आदेश पारित किया गया है जो कि सर्वथा विधि विरुद्ध है।

### रेवेन्यू बुक सर्कुलर के अनुसार जमीन का आवंटन

पूर्व में राज्य शासन की ओर से महाधिवक्ता कार्यालय के विधि अधिकारियों ने जवाब पेश किया था। इसमें शासन ने कहा है कि याचिकाकर्ताओं को सही तथ्यों की जानकारी नहीं है। कांग्रेस भवन के लिए जमीन का आवंटन नगर निगम भूमि अंतरण नियम के तहत नहीं किया गया है। राज्य शासन ने रेवेन्यू बुक सर्कुलर के अनुसार जमीन का आवंटन किया है। जवाब के मुताबिक राज्य परिवहन निगम के स्वामित्व वाली यहां तीन एकड़ जमीन थी। जिला अस्पताल के लिए पर्याप्त जमीन दी गई है। अस्पताल प्रबंधन ने भूमि की जरूरत नहीं होने संबंधी जानकारी देने के साथ ही अनापत्ति प्रमाण पत्र पेश कर दिया है। इसी आधार पर कांग्रेस कार्यालय भवन के लिए जमीन आवंटित की गई है। यह फैसला कैबिनेट का भी है।

### आबंटन शुल्क जमा करने 6 महीने समय की मांग

हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान बात सामने आई कि कुल 35 हजार 853 वर्गफुट भूमि के आबंटन के लिए कलेक्टर बिलासपुर ने दो साल पहले एक करोड़ 77 लाख 26 हजार 6 सौ 55 रुपए जमा करने का आदेश दिया था। इस राशि को तत्काल जमा करने कहा गया था लेकिन ऐसा नहीं हो सका। शासन की ओर से कहा गया कि यह आबंटन की शर्तों के खिलाफ है। कांग्रेस की ओर से पैरवी कर रहे एडवोकेट सुदीप श्रीवास्तव ने कहा कि पार्टी हमेशा से आबंटन शुल्क जमा करने को तैयार रही है। चूंकि मामला हाईकोर्ट में लंबित था इसलिए ऐसा नहीं किया गया। इसके साथ ही कांग्रेस कमेटी की ओर से कलेक्टर बिलासपुर के समक्ष एक आवेदन भी दिया गया है जिसमें शुल्क जमा करने के लिए 6 महीने के समय की मांग की गई है। हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद याचिका निराकृत कर दी है और कलेक्टर बिलासपुर को दो सप्ताह में पूरे मामले में फैसला लेने कहा है।

### मामला लंबित था, इसलिए शुल्क जमा नहीं की

चूंकि मामला हाईकोर्ट में लंबित था इसलिए आबंटन शुल्क जमा नहीं किया गया था। कांग्रेस कमेटी की ओर से कलेक्टर बिलासपुर के समक्ष एक आवेदन भी दिया गया है जिसमें शुल्क जमा करने के लिए 6 महीने के समय की मांग की गई है। इससे पहले भी राजनैतिक पार्टियों के लिए जमीन का आबंटन होता रहा है।

- **विजय केशरवानी,** अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी

---

### आम नहीं खास लोग करते हैं गलतियां

**बिलासपुर।** कलेक्टोरेट के पास करोड़ों रूपए खर्च कर मल्टीलेवल पार्किंग बनाई गई हैं। लोग यहां अपने वाहन नहीं खड़े करते। लोगो के वाहन नो पार्किंग स्थल पर खड़े किए जाते हैं। विडम्बना यह है कि वाहन खड़े करने वाले वीआईपी होते हैं।




## दहेज के लिए पत्नी से मारपीट, आईपीसी और बीएनएस दोनों की धाराओं में दर्ज हुआ जुर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोटा क्षेत्र में रहने वाली विवाहिता को शादी के बाद दहेज के लिए प्रताड़ित और मारपीट की गई। पीड़िता ने घटना की शिकायत कोटा थाने में की है। इस पर पुलिस ने आइपीसी और बीएनएस की धाराओं के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलिस नए कानून के आधार पर पूरे मामले की जांच कर रही है।

कोटा थाना प्रभारी उमेश साहू ने बताया कि क्षेत्र में रहने वाली महिला की शादी चार महीने पहले ही हुई है। महिला ने बताया कि शादी के एक सप्ताह बाद ही उसे पति और ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। उस पर मारपीट कर मायके से रुपए लाने का दबाव बनाया जाने लगा। किसी तरह वह ससुराल में ही रह रही थी। इस दौरान उसके मायके वालों ने पति और ससुराल वालों को समझाने की भी कोशिश की। इसके बाद भी ससुराल वालों पर कोई असर नहीं हुआ। ससुराल वालों के बर्ताव में सुधार नहीं होने पर महिला ने कोटा थाने में शिकायत की है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आइपीसी की धारा 294, 498 ए, 506 और भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2) व 351(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस नए कानून के तहत पूरे मामले की जांच कर रही है।

### जिले में पहला मामला

एक ही मामले में किसी आरोपी के खिलाफ नए और पुराने कानून की धाराओं के तहत जुर्म दर्ज करने का जिले का ये पहला मामला है। अब तक घटना के आधार पर नए अथवा पुराने मामले में जुर्म दर्ज किया गया है। इस मामले में नया कानून लागू होने के पहले ही दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता रहा। नया कानून लागू होने के बाद महिला से मारपीट की गई। इसके कारण नए और पुराने कानून की धाराओं में जुर्म दर्ज किया गया है।

### प्रताड़ना और मारपीट के मामले में जुर्म दर्ज

महिला को शादी के बाद से दहेज के लिए प्रताड़ित और धमकी और गाली-गलौज की जाती थी। इसके साथ ही नया कानून लागू होने के बाद उससे मारपीट की गई। इसके कारण आरोपी के खिलाफ नए और पुराने कानून की धाराओं में जुर्म दर्ज किया गया है।

- **नुपुर उपाध्याय,** एसडीओपी कोटा

---

## पेट्रोल व माचिस लेकर कलेक्टोरेट पहुंच गई 5 महिलाएं, हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ग्राम गतौरी और खाम्ही की पांच महिलाएं, जिनकी उम्र 45 से 80 वर्ष के बीच है, अपने पूर्वजों की जमीन छुड़ाने की मांग को लेकर कलेक्टोरेट पहुंचीं। इन महिलाओं के हाथों में पेट्रोल और माचिस भी था। महिलाएं आत्मदाह की चेतावनी दे रही थीं। इससे प्रशासन में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। इसके बाद महिलाएं शांत हुईं। महिलाओं का कहना था कि एक रसूखदार ने उनकी जमीन पर कब्जा करते हुए पेट्रोल पंप बना लिया है। इसे छुड़ाने के लिए पिछले कई सालों से अधिकारियों के चक्कर काट रहीं लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। महिलाओं का आरोप है कि कब्जाधारी व्यक्ति उन्हें बार-बार धमकी देता है कि वे इस जमीन के लिए लड़ाई बंद कर दें, नहीं तो उनके साथ बहुत बुरा होगा।

- कलेक्टर ले रहे थे जिले भर के अधिकारियों की मीटिंग
- मौजूद पुलिसकर्मियों ने पेट्रोल छीनकर शांत कराया, मिला आश्वासन

महिला लक्ष्मी बाई (55), संतोषी बाई (45), मिलापा बाई (60), बहुरा बाई (70), और गणेशिया बाई (80) ने बताया कि यह जमीन उनके पिता स्वर्गीय शिव सिंह के नाम पर दर्ज थी। मौजा गतौरी प.ह.नं. 21, रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील और जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि जिसका खसरा नं. क्रमशः 769/1, 769/2, और 769/3 है, का कुल रकबा 1.53 एकड़ है। वर्तमान में, खसरा 769/1 और 769/2 किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर दर्ज हो चुका हैं।



### कब्जाधारी से अधिकारियों की मिलीभगत

महिलाओं ने बताया कि उन्होंने इस मामले को लेकर अनुविभागीय अधिकारी के न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किया है। अनुविभागीय अधिकारी ने तहसीलदार बिलासपुर को जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। तहसीलदार लेकिन लगातार हमसे रजिस्ट्री पेपर प्रस्तुत करने का दबाव बना रहे हैं, जबकि असली दस्तावेज अनावेदक को प्रस्तुत करना चाहिए। इससे अधिकारियों की मिलीभगत भी लग रही है। पीड़ित महिलाओं ने यह भी कहा कि कब्जाधारी व्यक्ति उन्हें बार-बार धमकी देता है कि वे इस जमीन के लिए लड़ाई बंद कर दें, नहीं तो उनके साथ बहुत बुरा होगा। इसके चलते महिलाएं न्याय की गुहार लगाने के लिए कलेक्टोरेट पहुंचीं थीं।

### 24 घंटे बाद मिला देवरी चिचोली में बहे युवक का शव

**जांजगीर-चांपा।** देवरी चिचोली के पास नदी में कल दोपहर पिकनिक मनाने आए 6 दोस्तो में एक युवक स्नान कर रहा था उसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया। उसे गोताखोरों के माध्यम से खोजबीन की जा रही थी। 24 घंटे बाद युवक को नदी में कुछ दूर से बाहर निकाला गया। इस संबंध में बलौदा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सरकंडा बिलासपुर निवासी शिवम यादव अपने दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने आया था।तभी वह गहरे पानी में चला गया था। उसे दोस्तो ने बचाने की कोशिश की लेकिन बचा नहीं पाए। आखिरकार पुलिस ने गोताखोरों को बुलाया। गोताखोरों की टीम मौके पर खोजबीन कर रही थी लेकिन शिवम यादव का सुराग नहीं लगा था। इस दौरान सोमवार 15 जुलाई की दोपहर 3 बजे गोताखोरों एवं पुलिस ने 48 घंटे के बाद युवक को बाहर निकाला।



## दल से भटका हाथी पहुंचा तहसील मुख्यालय प्रतापपुर, पांच घंटे तक घूमता रहा शहर में

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

तहसील मुख्यालय प्रतापपुर में उस समय हड़कंप मच गया जब रात्रि 1 बजे एक दंतैल शहर में घुस गया। गनीमत थी कि वन अमला दंतैल के पीछे-पीछे लाउडस्पीकर से लोगों को इसकी सूचना देते हुए चल रहा था। दंतैल रात्रि 1 बजे से सुबह 5 बजे तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों में घूमता रहा तथा सुबह खेतों के रास्ते अमनदोन जंगल की ओर चला गया।

वन परिक्षेत्र प्रतापपुर में तीन हाथियों का दल लम्बे समय से भ्रमण कर रहा था। एक सप्ताह पूर्व हाथी घुई जंगल की ओर चले गए थे। लम्बे अंतराल के बाद हाथियों के अन्यत्र जाने से वनकर्मी राहत की सासें ले रहे थे कि बीती रात्रि 12 बजे ग्राम मायापुर के ग्रामीणों ने वनकर्मियों को गांव में एक हाथी के पहुंचने एवं फसल तबाह करने की सूचना दी। ग्रामीणों ने दंतैल के आबादी क्षेत्र के



निकट पहुंचने की भी सूचना दी। सूचना मिलते ही वनकर्मी हाथी मित्र दल के सदस्यों को लेकर पिकअप से ग्राम पंचायत मायापुर -1 पहुंचे। वनकर्मियों ने तेज आवाज में हूटर बजाया तो हाथी अपना रास्ता बदलकर प्रतापपुर की ओर बढ़ने लगा तथा हाथी ग्राम बरोल एवं अमनदोन के रास्ते रात्रि 12:10 बजे तहसील मुख्यालय प्रतापपुर के बस स्टैण्ड में दाखिल हो गया। हाथी बस स्टैण्ड से खजुरी, कदमपारा, स्वामी आत्मानंद स्कूल, शासकीय कॉलेज परिसर, पक्की तालाब, कृष्ण कुंज आदि क्षेत्र में पूरी रात घूमता रहा। हाथी कॉलेज परिसर का भ्रमण करते हुए खेतों के रास्ते कदम पारा होते हुए वापस नया बस स्टैण्ड पहुंचा तथा खेतों के रास्ते पास के अमनदोन जंगल स्थित आरएफ 84 में चला गया। हाथी स्वामी आत्मानंद स्कूल के पास काफी देर तक रूका रहा तथा स्कूल का गेट तोड़ते हुए आगे निकल गया। हाथी अमनदोन जंगल में मौजूद है। नए बस स्टैण्ड से अमनदोन जंगल की दूरी मात्र 50 मीटर है। ऐसे में हाथी के पुनः शहर की ओर पहुंचने की संभावना पर विशेष सावधानी बरती जा रही है। नए बस स्टैण्ड के पास बाजार भी लगता है। सोमवार को शाम 7 बजे बाजार में लोगों की भारी भीड़ को देखते हुए वनकर्मियों ने बाजार को खाली कराया तथा लोगों को सुरक्षा के मद्देनजर जल्द सुरक्षित घर पहुंचने की हिदायत दी।

### चोरी करने वाले दो नाबालिग समेत तीन गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** सूने मकान में घुसकर चोरी करने के मामले में पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने दो विधि से संघर्षरत बालक समेत तीन आरोपियों को पकड़कर उनके पास से चोरी का सामान बरामद किया है। इसके साथ ही पुलिस ने चोरी का सोना खरीदने वाले जेवर व्यवसायियों पर भी कार्रवाई की गई है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से एक लाख दस हजार रुपए का सामान बरामद किया है। 6 जुलाई को नमनाकला निवासी अमित कुमार सिन्हा के घर के शीट को काटकर कुछ अज्ञात चोर घर के अंदर दाखिल हुए। शाम 6 से 6.30 बजे के बीच चोरों ने घर में घुसकर सोने का चैन, सोने का नथिया, सोने का कान का रिंग, सोने की अंगूठी, पायल बिछिया, घड़ी, मोबाइल एवं नगदी 3 हजार रुपए समेत लगभग 1 लाख 10 हजार रुपए का सामान चोरी कर भाग गए।

## वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, तीन को आई चोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

शाकंभरी बोर्ड पूर्व अध्यक्ष के वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। घटना में बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हे उपचार के लिए पहले तो स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं युवकों की गंभीर स्थिति को देखते हुए सिम्स बिलासपुर रेफर किया गया है। घटना पामगढ़ थाना क्षेत्र के झूलन चौक की है।इस संबंध में पामगढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार 15 जुलाई की है। छत्तीसगढ़ प्रदेश शाकंभरी बोर्ड के पुर्व अध्यक्ष रामकुमार पटेल अपने वाहन से वापस घर जा रहे थे। तभी उनकी कार बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी। घटना में बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद तीनों गंभीर हालत में बिलासपुर रेफर किया गया है। तीनों युवक को सिर, हाथ, पैर में गंभीर चोटे आई हैं। घटना पामगढ़ थाना क्षेत्र के झूलन चौक की है।

## मारपीट कर नकदी व कार लूटने वाला एक गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर नगदी और रुपए की लूटपाट करने वाले आरोपी को सोनहत पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना में शामिल 3 अन्य फरार आरोपियों को पुलिस खोजबीन कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार बीते 11 जुलाई को प्रार्थी विवेक सिंह पिता उपेन्द्र सिंह उम्र 31 वर्ष निवासी ग्रान उज्ञांव चौकी रामगढ़ थाना सोनहत में लिखित रिपोर्ट दर्ज कराए थे कि 10 जुलाई की शाम बैकुंठपुर से अपने साथी विनोद परवार के साथ अपने कार वेगनआर से अपने घर ग्राम उज्ञांव जा रहे थे, इसी दौरान लगभग 8 बजे सोनहत बाजार से थोड़े आगे रूककर गाड़ी से उतरा तो पीछे से 4 लोग मोटरसायकल से आए इनमें दीपक कोल पिता मंधारी कोल उम्र 25 वर्ष निवासी कोलपारा थाना सोनहत था। दीपक ने मेरे एवं मेरे साथी के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर कार की चाबी छीन ली, वहीं कार के डेस बोर्ड में रखे 19000 रूपए को भी निकाल लिया और कार को भी साथ लेकर चले गए। प्रार्थी की रिपार्ट पर थाना सोनहत में अपराध क्रमांक 123/2024 धारा 309 (6), भा.न्या.सं. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान प्रार्थी एवं उसके साथी से पूछताछ कर घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। प्रकरण के नामजद मुख्य आरोपी दीपक कोल पिता मंधारी कोल उम्र 25 वर्ष निवासी कोलपारा सोनहत को उसके निवास स्थान पर घेराबंदी कर पकड़ा गया है। आरोपी दीपक कोल से पूछताछ करने पर बताया कि वह पूर्व रंजिश के कारण अपने साथी कालेन्द्र सोनवानी एवं 2 अन्य के साथ मिलकर साप्ताहिक बाजार सोनहत के आगे विवेक सिंह से मारपीट कर उक्त घटना को अंजाम दिया है।

- तीन आरोपी फरार

## चौथी लाइन के लिए पुल निर्माण के बाद रेलवे ने नहीं निकाले सेट्रिंग व अवरोधक

# नहर का पानी घुसा खेतों में, फसल बर्बाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



खेतों में भरा पानी।

चौथी लाइन के लिए हसदेव बांगो नहर में पुल निर्माण के दौरान लगाए गए सेट्रिंग व अवरोधक को नहीं निकालने से नहर का पानी पार से छलककर खेतों में घुस गया। इससे तकरीबन 50 एकड़ की बोनी हुई फसल चौपट हो गई, तो इससे कई गुना अधिक एकड़ की फसल प्रभावित हो रही है।

सिंचाई विभाग के द्वारा बैराज से बीती रात 400 क्यूसेक पानी छोड़ दिए जाने से नगर के मुढ़ी खार में स्थित नहर के साइफन के ऊपर से बहकर पानी किसानों के खेतों में जाने से कई किसानों की 50 एकड़ से ज्यादा बुआई बर्बाद हो गई है। इस संबंध में मुढ़ी खार के किसान शेषनारायण चौधरी ने बताया कि आज सुबह जब वह अपने खेत में गया तो नहर के साइफन से पानी ओवरफ्लो होकर 100 एकड़ से भी ज्यादा खेती वाले क्षेत्र में अत्यधिक पानी भर गया है। खेत तालाब में तब्दील हो गए है। इसकी सूचना पर सिंचाई विभाग के कार्यपालन अभियंता शशांक सिंह, अनुविभागीय अधिकारी एसके सील्लारे, अभियंता बीएल साहू सहित अन्य कर्मचारी मौके पर पहुंचे एवं ओवरफ्लो हो रहे पानी को नियंत्रित करने का प्रयास किया गया लेकिन तब तक किस क्षेत्र के 50 एकड़ से भी ज्यादा खेतों में लगाए गए धान का थरहा अथवा लेई पद्धति से की गई बोआई बताया जा रहा है कि किसानों की यह बर्बादी सिंचाई विभाग एवं रेलवे विभाग के द्वारा लापरवाही बरते जाने के कारण हुआ है। किसानों ने बताया कि कुछ माह पूर्व रेलवे विभाग के द्वारा चौथी लाइन के लिए नहर पर पुल बनाया गया है, जिसके लिए रेल विभाग के द्वारा नहर पर गर्डर एवं शटरिंग डाला गया था। रेल विभाग के द्वारा सिंचाई विभाग को पत्र लिखकर नहर में वाटर लेवल कम करने के लिए कहा गया था। सिंचाई विभाग के द्वारा नहर का वाटर लेवल काम किया गया लेकिन उतनी मात्रा में कम नहीं किया गया। जिससे शटरिंग निकाला जा सके जिससे नवनिर्मित पुल का शटरिंग नहीं निकाला जा सका। इस बीच सिंचाई विभाग के द्वारा 14 जुलाई को पानी छोड़ दिया गया। नहर में नवनिर्मित पुल का शटरिंग नहीं निकलने के कारण नगर के मुढ़ी खार स्थित साइफन से पानी ओवर फ्लो होकर अकलतरा के मुढ़ीखार एवं ग्राम खोंड़ के 100 एकड़ के कृषि क्षेत्र में बह गया जिससे क्षेत्र में एक-दो दिनों के अंदर 50 एकड़ से भी ज्यादा खेतों में लगाया गया धान का थरहा बह गया एवं लईहरा बुवाई पूरी तरह से बर्बाद हो गई।

15 korba-pg3_Layout 1 7/16/2024 12:41 AM Page 1



## खबर संक्षेप



### पीएलवी निष्ठा पूर्वक करें कार्यः जस्टिस भादुड़ी

**ढेलवाडीह।** कटघोरा विधिक सेवा प्राधिकरण जिला के तत्वधान में आयोजित नेशनल लोक अदालत में जस्टिस गौतम भादुड़ी का कटघोरा आगमन हुआ। जस्टिस गौतम भादुड़ी न्यायाधिपति उच्च न्यायालय बिलासपुर छत्तीसगढ़ का आगमन कटघोरा में हुआ, जिसमें कोर्ट परिसर में वृक्षारोपण किया। न्यायालय परिसर का अवलोकन किया गया। कुटुंब न्यायालय को और मजबूत बनाने पर चर्चा किया गया। इस अवसर पर प्रबंध कार्यालय कटघोरा से रामेश्वरी कंवर, पीएलवी रविशंकर सोनी, नारायण कैवर्त, सफीन दास महंत, आरती मंगेशकर, रमा साहु, प्रद्युम यादव का सहयोग सराहनीय रहा। पीएलवी लोगो ने न्यायधिपति को अपने बीच पाकर बहुत प्रसन्न हुए। सभी पीएलवी को विधि से सम्मत निष्ठापूर्वक ईमानदारी से कार्य करने के निर्देशित किया।

### उद्यानिकी की योजनाओं से सब्जी उत्पादन का रकबा बढ़ा

**कोरबा।** जिले में उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ मिलने से किसान सब्जी उत्पादन में रूची ले रहे हैं, जिससे जिले के शहरी व ग्रामीण अंचलों में सब्जी उत्पादन के रकबे में वृद्धि हुई है। जिले के पॉचों विकासखंड में कुल 22733 हेक्टेयर सब्जी का रकबा है। जिसके अंतर्गत कोरकोमा, बेंदरकोना, भटगांव, चिर्रा भेलवाटार, विकासखंड करतला के चैनपुर, नोनबिर्रा, कनकी, चिचोली, जमनीपाली, कसईपाली, हरदीबाजार, डांगानाला, चैतमा, लाफा, पोलमी, नगोई, पसान, जटगा, मोरगा कलस्टर शामिल हैं। इन क्लस्टरों में छोटे बड़े समस्त ग्राम शामिल हैं। किसानों द्वारा इनमें मुख्यतः सब्जी की खेती की जा रही है। कलस्टर निर्माण हेतु विभाग द्वारा ऐसे ग्रामों के समूहों का चयन किया जाता है, जिसमें 15 से 20 हेक्टेयर में सब्जी की खेती की जाती है, साथ ही जानवरों से फसल की सुरक्षा हेतु बचाव एवं पानी की पर्याप्त उपलब्धता होती है। उक्त सुविधा उपलब्ध होने पर ही कलस्टर का निर्माण किया जाता है। सहायक संचालक उद्यानिकी से प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत वर्ष 2023-24 में कुल 718 हेक्टेयर में सब्जी क्षेत्र विस्तार हेतु विभागीय लक्ष्य प्राप्त था, जिसमें से 195 हेक्टेयर में स्वयं से सब्जी की खेती करने वाले उद्यानिकी कृषकों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के तहत अनुदान भुगतान किया गया है एवं 523 हेक्टेयर में किसानों को बीज वितरण किया गया है जिसमें कुल 949 कृषक लाभान्वित हुए हैं।

### उज्जवला पंचायत कार्यक्रम में रसोई गैस का वितरण



**गेवरा दीपका।** उज्जवला पंचायत कार्यक्रम दीपका में आयोजित की गई। इस दौरान एचपीसीएल की 50वां स्थापना दिवस मनाया गया। जायसवाल एचपी गैस एजेंसी दीपका द्वारा हिंदुस्तान पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के 50वां स्थापना मनाया गया। इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला महामंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा दीपक जायसवाल ने कहा कि निश्चित तौर पर एचपीसीएल कंपनी आज भारत की महारत्न कंपनी के रूप में पहचानी जाती है जो रोजगार भी देती है और स्वच्छ ईंधन की जरूरत को भी पूरा करती है। केंद्र सरकार की सबसे महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक उज्ज्वला योजना है जिससे महिलाओं को धुएं से मुक्त स्वच्छ रसोई ईंधन मिल रही है। उज्ज्वला योजना के अंतर्गत स्वच्छ ईंधन और बेहतर जीवन का सपना साकार हो रहा है। जिला मंत्री राजेंद्र राजपूत ने कहा कि जायसवाल एचपी गैस एजेंसी क्षेत्र वासियों को बेहतर सर्विस दे रही है रसोई गैस आज हर घर में उपलब्ध है और जब भी इसकी आवश्यकता पड़ती है तत्काल सुविधा देने का काम जायसवाल गैस एजेंसी के संचालक द्वारा किया जाता है।

## मामला हाउसिंग बोर्ड की नई कॉलोनी निर्माण का

# लैंड यूज की फाइल शासन में अटकी आवास योजना पर नहीं हो पाया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हाउसिंग बोर्ड के आवासीय विस्तार योजना के लिए होम गार्ड कार्यालय के पीछे आबंटित

**खास बात**


- होमगार्ड बटालियन के पीछे बोर्ड को आबंटित की गई है जमीन

की गई भूमि के लैंड यूज की फाइल शासन में अटकी होने के कारण आवासीय योजना का कार्य अटका पड़ा हुआ है। जब तक लैंड यूज की फाइल का निराकरण शासन स्तर पर नहीं होता बोर्ड की आवासीय योजना का निर्णय भी लंबित रहेगा।


फाइल फोटो

हाउसिंग बोर्ड द्वारा जिले के शहरी क्षेत्र के साथ उपनगरीय क्षेत्रों और ब्लॉक मुख्यालय में अपनी आवासीय योजना अंतर्गत निम्न आय, मध्यम वर्गीय लोगों के लिए आवासों का निर्माण कराया जाता है। शहरी क्षेत्र में रामपुर खरमोरा, दादर, बरबसपुर जैसे गांव क्षेत्र में आवासीय योजना को अमलीजामा पहनाया गया है। इसके अलावा एनटीपीसी के सेमीपाली ग्राम पंचायत में एवं कटघोरा विकासखंड के ग्राम जेंजरा तथा ग्राम पंचायत उरगा में अटल विहार योजना अंतर्गत बड़ी आवासीय कॉलोनी का निर्माण किया गया है। अपनी इसी योजना को मूर्तरुप देने के लिए हाउसिंग बोर्ड ने गोकुल नगर स्थित होमगार्ड कार्यालय के पीछे रिक्त पड़ी जमीन के आबंटन हेतु शासन और प्रशासन से पत्र व्यवहार किया था। बताया जाता है कि पांच एकड़ की भूमि हाउसिंग बोर्ड को आबंटित की गई है। निर्माण के पूर्व उक्त भूमि के लिए दावा आपत्ति की कार्यवाही की प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसके लैंड यूज के लिए परमिशन हेतु फाइल शासन को भेजी गई है। पूर्ववर्ती सरकार के समय भेजी गई फाइल पर आज तक निर्णय नहीं होने के कारण आवासीय कॉलोनी के संबंध में आगे की कार्यवाही रुकी पड़ी है। विभाग के कार्यपालन अभियंता और उच्च स्तर पर विभागीय अधिकारियों के द्वारा लैंड यूज की फाइल को नए सिरे से निराकरण हेतु कार्यवाही की जा रही है।

## कालोनी में अजगर...



**कोरबा।** ऊर्जा नगर के एक मकान नंबर एम-300 के पीछे 5 फीट का अजगर दिखने से आसपास के लोगों में भय बना हुआ था। जिसके बाद लोगों ने रेस्क्यू टीम को इसकी सूचना दी गई जिसके बाद अजगर को सुरक्षित जंगल में छोड़ा गया।

## छग टीचर्स एसोसिएशन ने मेधावी छात्रों का किया सम्मान


कार्यक्रम में उपस्थित छात्र और शिक्षक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के द्वारा नोडल केंद्र बोईदा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोईदा में मेधावी विद्यार्थी प्रोत्साहन सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले तुलसी पटेल, प्रतिभा पटेल, विकास कुमार, डालेश्वरी, शालिनी पोर्ते, राजू दास, डिंपल, अभिजीत, कोमललता, अनंत देव, नव्या कुमारी एवं प्रशांत कुमार को प्रशस्ति पत्र, नगद राशि एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं निशा, दीपक, वीरेंद्र कुमार, अनीशा पटेल, ओमप्रकाश, नागेश्वर प्रसाद, महेश्वरी पटेल, निशा मरकाम को सांत्वना पुरुस्कार से सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने सभी बच्चों को नियमित स्कूल आने, अच्छे से पढ़ लिखकर मेधावी विद्यार्थी के रूप में पहचान बनाने को कहा गया। जिला अध्यक्ष मनोज चौबे एवं संघ के पदाधिकारीयों ने विद्यार्थी के पांच लक्षण को अमल करने के लिए प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम दुष्यंत शर्मा, जनपद पंचायत पाली सभापति मुकेश जायसवाल, रघुराज सिंह उइके, मनोज जगत, दशरथ सिंह कंवर, जनपद सदस्य चंद्रपाल पटेल, दिलीप पटेल, श्रवण यादव, दुर्गेश मरावी, हनुमान दास मानिकपुरी, द्वारिका यादव, नंदलाल पटेल, लतेल राम पटेल, तुंगन पटेल उपस्थिति रहे। जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र नायक, जिला सचिव नरेंद्र चंद्रा, जिला कोषाध्यक्ष बुद्धेश्वर सोनवानी, जिला सह सचिव ओमप्रकाश खाण्डे, जिला संगठन मंत्री सत्यप्रकाश खाण्डेकर, जिला सह सचिव महिला प्रकोष्ठ गंगा भार्गव, संतोष यादव सहसचिव, कलीराम खूंटे, कमलेश कश्यप, उदय सिंह राजवाड़े, कलीराम मरावी एवं नरेंद्र उपस्थित रहे। आभार प्राचार्य लखनलाल बंजारे एवं संचालन राजेंद्र कुमार नायक कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा किया गया।

## स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर से किया गया ब्लैक स्टार्ट मॉकड्रिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रदेश में आकस्मिक ब्लैक आउट होने की स्थिति में ताप विद्युत गृहों को पुर्नसंचालित करने के लिए हसदेव बांगो जल विद्युत गृह से

**खास बात**

- जिले के बिजलीघरों को पुनः संचालित करने बांगों से भेजा गया पावर

स्टार्ट अप पावर सप्लाई करने संबंधी एक माकड्रिल (पूर्वाभ्यास) छत्तीसगढ़ स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर में सफलतापूर्वक किया गया।

गौरतलब है कि अचानक ब्लैक आऊट होने की स्थिति में विद्युत संयंत्रों को फिर से स्टार्ट करना कठिन होता है, इसके लिए तुरंत बिजली की आवश्यकता पड़ती है, जिसकी तत्काल आपूर्ति जल विद्युत संयंत्रों से ही हो सकती है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन एवं उत्पादन कम्पनी के प्रबंध निदेशक क्रमशः आर के शुक्ला तथा संजीव कुमार कटियार की उपस्थिति एवं कुशल मार्गदर्शन में मॉकड्रिल आयोजित किया गया। इंडियन इलेक्ट्रिसिटी ग्रिड कोड और स्टेट ग्रिड कोड के प्रावधानों के अनुसार साल में एक बार इस तरह का मॉकड्रिल करना होता है। इस दौरान डंगनिया स्थित स्टेट लोड डिस्पैच सेन्टर में कार्यपालक निदेशक के0 एस0 मनोठिया एवं एम0 एस0 कंवर, मुख्य अभियंता के0 के0 भगत, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्रीमती शारदा सोनवानी, राकेश शर्मा, अधीक्षण अभियंता मनोज राय, संजय चौधरी, अभिषेक जैन, संजय वैद्य, एम0 नायक, श्रीमती माया नायर, श्रीमती पुष्पा पिल्लई कार्यपालन अभियंता जी0पी0सिंह, धर्मजीत भट्ट, मनोज रावटे, सुश्री सुदेशना पाल, सुश्री नमिता विभा लकरा, अवनीश जोशी, सहायक अभियंता केतन मिश्रा, विन्ध्याचल गुप्ता, श्रीमती प्रीति गुप्ता, सुश्री जुवेना गोम्स, श्रीमती रेखा शर्मा, सुश्री संदीपा देवांगन, कनिष्ठ अभियंता शुभम घोरे आदि उपस्थित थे एवं मॉकड्रिल को संपन्न कराने में कार्यपालन अभियंता जी0 आर0 नवरंग, रंजीत कुजुर ,सहायक अभियंता संदीप देवांगन एवं तकनीकी सहायक दिनेश विश्वकर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।


मॉकड्रिल में उपस्थित अधिकारीगण।

### ऐसे पूरी हुई मॉकड्रिल की प्रक्रिया

मॉकड्रिल के दौरान सर्वप्रथम बांगो जल विद्युत गृह, छुरीखुर्द, जमनीपाली एवं कोरबा पूर्व के उपकेन्द्रों से फीड होने वाले क्षेत्रों को मिलाकर एक आईलैण्ड सब-सिस्टम बनाया गया। इसके पश्चात इस आईलैण्ड सब-सिस्टम में ब्लैक आउट की स्थिति निर्मित की गई। इस तरह एक बनावटी बिजली संकट निर्मित किया गया। इसके पश्चात इंजीनियरों की टीम ने युद्धस्तर पर बिजली संकट क्षेत्र में बिजली बहाली की प्रक्रिया प्रारंभ की। इसके लिये बांगो में उपलब्ध डीजल जनरेटर सेट से बंद जल विद्युत इकाई क्रमांक-3 को सर्विस में लेकर बांगो उपकेन्द्र के बस को चार्ज किया गया और वहां उत्पादित बिजली को 132 केवी लाईनों के माध्यम से छुरीखुर्द, जमनीपाली एवं कोरबा पूर्व 132 केवी उपकेन्द्रों तक पहुंचाया गया और पूर्व निर्धारित 33/11 केवी विद्युत फीडरों को एक के बाद एक चालू कर बांगों की जल विद्युत इकाई से करीब 24 मेगावाट लोड लिया गया। इसके पश्चात आईलैण्ड सब-सिस्टम की फ्रिक्वेन्सी एवं वोल्टेज को मॉनिटर करते हुए बांगो जल विद्युत गृह की सप्लाई को कोरबा पश्चिम ताप विद्युत गृह तक पहुंचाया गया। इस पूरी प्रक्रिया में 43 मिनट का समय लगा।

## आयोग के अध्यक्ष से मिले सफाई कर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष एम वेंकटेशन के कोरबा प्रवास पर स्थानीय समाजिक कार्यकर्ता एवं सफाई कर्मचारियों के द्वारा निगम के गीतंजली भवन में स्वागत किया। इस दौरान अध्यक्ष एम वेकटेशन के साथ उमेश पिंपरे राष्ट्रीय अध्यक्ष महादलित परिसंघ और डोंगरगढ़ निवासी मयूर हथेल प्रदेश अध्यक्ष महादलित परिसंघ से प्रदेश उपाध्यक्ष सिकंदर उसर उसरवर्षा ने निगम के सफाई कर्मचारियों से परिचय कराया।

साथ ही कर्मचारियों ने श्री वेंकटेशन से मांग रखी कि नगर निगम निगम में वर्ष 1998 से मास्टर रोल पर 13 कर्मचारीयों को तत्काल नियमित की जाए, सफाई कर्मचारियों का जाति प्रमाण पत्र, सफाई कर्मचारी आयोग गठन, मैनुवाल सवेंजर एक्ट 2013 का उल्लघंन करने वाले विभाग पर कार्यवाही, निगम ठेका सफाई कर्मचारियों को नियमितकारण की मांग मिशन क्लिन सिटी स्वछता कर्मचारियों का मानदेय बढ़ने एवं रविवार को वेतन भुगतान करने की मांग गई। इस मौके पर राम सवरुप चौधरी, विजय कारण कलसे, आरती सोनखरे, कविता बेला, गायत्री चौहान, हीरा चौधरी, रामबाई राने, राम प्रकाश गोंडारे, दीपक, गोपी चौधरी, मनोज कलसे, सतीश बेला एवं ठेका सफाई कर्मचारी, मिशन किलीन सिटी स्वछता दीदी मौजूद रहे।


अध्यक्ष से मुलाकात करते निगम के सफाई कर्मचारी।

## हैप्पी मानसून की थीम पर मानसून धमाका कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



रविंद्र संस्कृतिक भवन सीनियर क्लब हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम में कार्यपालक निदेशकसंजय शर्मा व संकल्प महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती निहारिका शर्मा के मुख्य आतिथ्य में हैप्पी मानसून की थीम पर मानसून धमाका कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा मानसून थीम पर आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति दी गई जिसे काफी सराहा गया। साथ ही स्वरांजलि ग्रुप के सदस्यों द्वारा सुमधुर गीतों की संगीतमय प्रस्तुति ने सभी का दिल जीत लिया। कृष्ण कुमार मिश्रा तथा श्रीमति अर्चना मिश्रा लकी मानसून कपल चुने गए। क्लब के सचिव मनीष श्रीवास्तव ने क्लब द्वारा आयोजित विभिन्न क्रियाकलापों से सभी को अवगत कराया। इसी कड़ी में रविंद्र सांस्कृतिक भवन परिसर के स्विमिंग पुल में आयोजित विभिन्न विधाओं की तैराकी प्रतियोगिताओं जैसे फ्रीस्टाइल, बैकस्ट्रोक, ब्रेस्टस्ट्रोक आदि तथा ताइक्वांडो में विजेता महिलाओं एवं बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि संजय शर्मा एवं श्रीमती निहारिका शर्मा ने कार्यक्रम की भरपूर प्रशंसा की तथा क्लब कमेटी व उपस्थित क्लब सदस्य परिवारों को शुभकामनाएं प्रेषित की। इस कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य अभियंता सुधीर कुमार पंड्या एवं बड़ी संख्या में सीनियर क्लब परिवार के सदस्य उपस्थित रहे और कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष रुप से शशांक कर्महे, एन शिवप्रसाद, प्रदीप देवांगन, श्रीमति अंजलि स्वैन, विनय कर, गौरव गुप्ता एवं विकल्प तिवारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## इंडस पब्लिक स्कूल में मनाया गया विश्व कौशल दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

इंडस पब्लिक स्कूल दीपका में विश्व कौशल दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों ने साइंस लब में विभिन्न प्रयोग कर अवधारणाओं को समझने का प्रयास किया। विभिन्न प्रकार के रसायनों को मिश्रित कर उनके दैनिक जीवन में उपयोग से भी परिचित हुए। फिजिक्स लब में डायनेमो एवं पास्कल तथा आइनस्टाइन के सिध्धांतोंका भी जीवंत प्रैक्टिकल किया वहीं बायोलॉजी लैब में विभिन्न जीव जंतुओं के सुरक्षित रखे गए देह का भी सूक्ष्म निरीक्षण किया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय गुप्ता ने कहा कि विश्व कौशल दिवस का उद्देश्य ही है युवा पीढ़ी के कौशलों का विकाश कर उन्नति के मार्ग में प्रशस्त करना। विद्यार्थी अपनी प्रतिभा को पहचानकर अपने स्किल को निखारने की दिशा में प्रयास करें। आज के युवा हमारे देश के भविष्य हैं। हमें उन्हें है हाल में स्किल्ड बनाना है। याद रहे यदि हम स्किल्ड हैं तो हम कभी भी बेरोजगार नहीं रहेंगे। स्किल्ड होने का एक लाभ यह भी है की हमें समाज में सम्मान भी मिलता हैं। हम आर्थिक रूप से संपन्न होते हैं। नौकरी महीने के कारण आज की युवा पीढी तनावग्रस्त हो रही है। वे आत्महत्या के भी शिकार हो जाते हैं। आज विश्व युवा कौशल दिवस मनाने का यही उद्देश है कि युवा स्किल्ड हों तथा एक अच्छी जीवनशैली के हकदार बनें। इस दिवस का उद्देश्य ही है युवाओं में स्किल डेवोल्पो कर योग्य बनाना।


मॉडल का प्रदर्शन करते बच्चे।

### शपथ पत्र

मैं सीमा मरावी उम्र 27 वर्ष आ. स्व. सुन्दर लाल मरावी जाति गोड़ निवासी शंकर नगर रजगामार रोड कोरबा तह. व जिला कोरबा का होकर शपथ पूर्वक कथन करती हूं :-

01. यह कि मेरा आधार कार्ड का क्रमांक 8609 1825 9667 है। जिसमें मेरा नाम बृन्दा मरावी पति लाला मरावी एवं निवासी शंकर नगर रजगामार रोड कोरबा दर्ज है।

02. यह कि मैं अपना नाम बृन्दा मरावी पति लाला मरावी निवासी शंकर नगर रजगामार रोड कोरबा से परिवर्तित कर सीमा मरावी आत्मजा स्व. सुन्दर लाल मरावी निवासी शंकर नगर रजगामार रोड कोरबा तह. व जिला कोरबा दर्ज करवाना चाहती हूं। अब से मेरा यही नाम होगा एवं मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जावे।

03. यह कि मैं यह शपथ पत्र उपरोक्त कथन के संबंध में संबंधित संस्था एवं कार्यालय में प्रस्तुत करने हेतु सम्पादित की।

**शपथकर्ता**
**सीमा मरावी**

### न्यायालय तहसीलदार कोरबा जिला कोरबा (छ.ग.)

// ईश्तहार //

**202405050400064**
**रा.प्र.क्र /अ-21/2023-24**
**ग्राम कोरबा प0ह0नं0-16**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूमिस्वामी/आवेदकगण चरनजीत सिंह गुजराल पिता स्व० शमशेरजीत सिंह गुजराल वगैरह जाति सिक्ख निवासी इंदिरा आवासीय सह व्यवसायिक परिसर टी.पी.नगर कोरबा तहसील व जिला कोरबा द्वारा ग्राम कोरबा प०ह०नं० 16, रा०नि०मं० कोरबा-1 स्थित परिवर्तित भूमि ख0नं0 366/6, 367/7 कुल रकबा 0.04 ए. भूमि को प्रस्तावित क्रेतागण विजयधरम सराफ पिता धरमप्रकाश सराफ एवं श्रीमती आशा सराफ पति धरमप्रकाश सराफ दोनों निवासी क्वा०नं० ई-22 15 ब्लॉक टी.पी. नगर कोरबा के पास आम बाजार मूल्य अनुसार विक्रय करने की अनुमति बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, जो जांच एवं प्रतिवेदन हेतु कलेक्टर महो० कोरबा से अ०वि०अ० (रा०) कोरबा के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 05/8/2024 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/7/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**कोरबा**

### न्यायालय अधीक्षक भू-अभिलेख (परिवर्तित भूमि शाखा) कोरबा, जिला कोरबा (छ.ग.)

**ईश्तहार**

क्रमांक/1251/अ.भू.अ.(परि. शा)/ वाचक 2024
कोरबा दिनांक 15/07/2024
रा.प्र.क्र. 235/अ-2/2023-24
ग्राम कटघोरा, प.ह.नं. 10
तहसील कटघोरा, जिला कोरबा (छ.ग.)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के रा.प्र.क्र. 235/अ-2/2023-24 आवेदक श्री जगमोहन दास पिता श्री मोतीदास, निवासी कटघोरा, तहसील कटघोरा, जिला कोरबा के द्वारा ग्राम कटघोरा, प.ह.नं. 10, तहसील कटघोरा जिला कोरबा स्थित भूमि ख.नं. 1921/1 (शामिल 1922/2) कुल रकबा 0.272 हे. में से रकबा 0.081 हे. भूमि को औद्योगिक प्रयोजन (फ्लाई एस ब्रिक्स) हेतु व्यपवर्तन बाबत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया ह।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 30/07/2024 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

**अधीक्षक**
**भू-अभिलेख परि.भू.शा.**
**जिला कोरबा (छ.ग.)**



15 korba-BHOOMI-pg4_Layout 1 7/16/2024 1:02 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### स्वामी जगन्नाथ मंदिर दादरखुर्द में आज होगी रथ वापसी

**कोरबा।** सबसे प्राचीन ऐतिहासिक आयोजन में शामिल ग्राम दादर खुर्द जहां की पिछले 124वर्षों से भी प्राचीन काल से स्वामी जगन्नाथ की रथ यात्रा होते आ रही हैं। जहां दशमी तिथि को भगवान अपने मौसी के घर से वापस अपने धाम को लौटेंगे। प्रातः काल से स्वामी जगन्नाथ की पूजन प्रारम्भ हो जाएगी, जिसमें दोपहर से भंडारा एवं शाम 4बजे से भगवान का कर्मा नृत्य दलों के माध्यम से फेरा लगाया जाएगा फिर भगवान का रथ पुरानी बस्ती से कंकालीन मंदिर होते हुए, सभी भक्तजनों के द्वार पर पहुंचेगी। इस दौरान श्रद्धालुओं के द्वारा भगवान श्री जगन्नाथ की आरती करेंगे। भ्रमण उपरांत पुनः भगवान अपने मूल स्थान में विराजित हो जाएंगे।

### अंबेडकर प्राइड आइकॉन अवॉर्ड से सम्मानित हुए प्रो. आदिले

**कोरबा।** राजस्थान झोटवाड़ा के भावना कला एवं साहित्य फाउंडेशन द्वारा प्रोफेसर प्यारेलाल आदिले को डॉ.भीमराव अंबेडकर प्राइड आइकॉन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रो. आदिले अपनी शालेय शिक्षण से निरंतर रूप से समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय हैं। श्री आदिले वर्तमान में जेबीडी कला एवं विज्ञान महाविद्यालय कटघोरा में प्राचार्य के पद पर कार्यरत हैं। राजनीति विज्ञान विषय में उच्च शिक्षा शोध उपाधि प्राप्त विद्वान प्राध्यापक हैं।

### नए भारत का नया कानून, यातायात विभाग बच्चों को कर रहा जागरूक



**कोरबा।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर और यातायात प्रभारी के मार्गदर्शन में ट्रैफिक एएसआई मनोज राठौर के नेतृत्व में स्कूली बच्चों को यातायात नियम और रोड सेफ्टी के प्रति जागरूक करने के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है, इसी कड़ी में यातायात विभाग की टीम ट्रांसपोर्ट नगर स्थित हरिकिशन पब्लिक स्कूल पहुंची जहां लगभग ढाई सौ बच्चों को यातायात संबंधित नियमों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में स्कूल समिति के संरक्षक हरपाल सिंह, सुखविंदर सिंह,अमृत सिंह प्रिंसिपल रविंद्र सिंह, श्रीमती हरपाल कौर, प्रिया कौर, अर्पित कौर,सत्यवीर सिंह, एवं यातायात विभाग के हेड कांस्टेबल शंकर धर जायसवाल, तुलेश्वर साहू, दिलेश्वर चंद्र उपस्थित रहे।

### नाले में पुल निर्माण नहीं होने से बरसात में आवागमन कठिन



**बालकोनगर।** ग्राम पंचायत दोंदरों के आश्रित गांव संगमनगर बेलाकछार में विगत 30 वर्षों से विकास कार्य नहीं होने के कारण ग्रामीण काफी परेशान हैं। यहां मुख्य समस्या सड़क नहीं बनने से यहां के छोटे-छोटे बच्चों को स्कूल एवं आंगनबाड़ी आने जाने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने सरपंच और सचिवों से सीसी रोड एवं पुल बनाने की मांग की है बावजूद सरपंच सचिव ग्रामीणों की मांग को अनदेखी करते जा रहे हैं। बरसात के दिनों में नाले में पुल निर्माण नहीं होने से आवागमन करना कठिन हो जाता है। स्कूल जाने वाले छात्रों को राममंदिर पुल से होकर बालको नगर जाने की मजबुरी होती है जबकि सेक्टर 5 से रुकबहरी जाने वाली सड़क से संगम नगर की दूरी महज 2 सौ मीटर है और इस 2 सौ मीटर के बीच सारबहरा नाला बहता है जिसमें पुल की नितांत आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है, परंतु अब तक ग्रामीणों को पुलिया की भी सौगात नहीं मिली है।

# अनुकंपा नियुक्ति के मामले लंबित, पात्र काट रहे विभाग का चक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

राज्य शासन के द्वारा अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों को निपटाने में जितनी गंभीरता दिखाई जा रही है उतनी जिले के विभागीय अधिकारी नहीं दिखा रहे जिसके कारण कई प्रकरण लंबित पड़े हुए हैं। फलस्वरुप पात्र पक्षकार विभागों के चक्कर काटते फिर रहे हैं। वहीं विभागों में बाबूगिरी के कारण नियुक्ति प्रकरण के निराकरण में गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है।

लंबे समय तक सरकारी विभाग में नौकरी कर शासन की सेवा करने वाले मृत कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति के लिए भटकना पड़ रहा है। शासन के स्पष्ट निर्देश है कि ऐसे प्रकरणों की लगातार समीक्षा कर अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जाए। जिला प्रशासन के शिक्षा विभाग, आदिमजाति कल्याण विभाग, वन विभाग, जनपद पंचायत जैसे विभागों में अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरण के निराकरण में की जाने वाली कार्यवाही कछुआ गति से चल रही है। बाबू के पास अनुकंपा नियुक्ति प्रकरण की फाइल दबी होने के कारण विभाग के अधिकारियों को इसकी वास्तविक स्थिति की जानकारी ही नहीं रहती है। अकेले शिक्षा विभाग में ही अब तक 57 प्रकरण अनुकंपा नियुक्ति के लंबित होने की जानकारी सामने आई है। इस मामले में शिक्षा अधिकारी खुद 32 प्रकरणों की जानकारी स्वीकार रहे हैं। उनके पूर्व के भी प्रकरण अभी तक लंबित हैं ऐसा विभागीय सूत्रों का कहना है। कलेक्टर द्वारा समीक्षा बैठक के दौरान हमेशा अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों को गंभीरता से लिए जाने के निर्देश दिए जाते रहे हैं। उसके बावजूद विभागों में लंबे समय से पदस्थ बाबूओं की मनमानी शासन के निर्देश पर भारी पड़ रही है और मृत कर्मचारी के आश्रित अनुकंपा नियुक्ति के लिए चक्कर काटते फिर रहे हैं।

### शिक्षा विभाग के 57 प्रकरणों में कार्यवाही पड़ी है लंबित

**खास बातें**

- अधिकारी बदलने से लंबित रह जाते हैं नियुक्ति के प्रकरण
- न्यायालय में भी पहुंचे हैं मामले




**चल रही कार्यवाही**

अनुकंपा नियुक्ति के 32 प्रकरण मेरे सामने आए हैं। शासन को मार्गदर्शन के लिए भेजा गया है। उनके पूर्व के कितने प्रकरण लंबित है इसकी जानकारी मुझे नहीं है। विभागीय कर्मियों से इसकी जानकारी लेने के बाद ही वास्तविक संख्या बता सकूंगा।

-टीपी उपाध्याय, डीईओ

### पद के अनुसार नियुक्ति नहीं

मृत सरकारी कर्मचारी जिस पद पर कार्यरत थे, अनुकंपा नियुक्ति के दौरान उनके आश्रित को उसी पद पर नियुक्ति नहीं दी जा रही है। उसके विपरीत अन्य पदों पर उनको नियुक्त किया जा रहा है। इससे अनुकंपा नियुक्ति पाने वाले मृत कर्मचारी के आश्रितों को मानसिक रुप से परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है। उच्च शिक्षा प्राप्त आश्रितों को पद के अनुरुप नहीं पदस्थ किए जाने से कुछ मामले न्यायालय में भी पहुंचे हुए हैं। आश्रम अधीक्षक से लेकर सहायक शिक्षक के पद पर रहने के दौरान मृत हुए सरकारी कर्मचारी के आश्रित अन्य पदों पर पदस्थ किए जा रहे हैं।

### स्कूलों का किया गया था जीर्णोद्धार, मिली थी शिकायतें, शासन से मिले हैं जांच के निर्देश

# नवाजतन योजना में गड़बड़ी की जांच करने बनी कमेटी



रिस्दा प्राथमिक शाला जहां एक रूम में ही स्टाफ और लगती है कक्षाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नवा जतन योजना अंतर्गत जनवरी से अप्रैल माह तक स्कूलों में किए गए जीर्णोद्वार कार्य में गड़बड़ियों की शिकायतों के मद्देनजर शासन से मिले आदेश के तहत शिक्षा विभाग ने जांच के लिए कमेटी का गठन किया है। कमेटी स्कूलों में जाकर निर्माण कार्य की गुणवत्ता व व्यवस्था की जांच कर जिला प्रशासन को अपनी रिपोर्ट देगी।


जिले में नवा जतन योजना अंतर्गत ग्रामीण अंचल में ही 3 सौ से अधिक स्कूलों के जीर्णोद्वार के कार्य के साथ नए शेड भी बनाए गए थे। कार्य के दौरान लापरवाही बरतने और गुणवत्ताहीन कार्य की शिकायतें जनप्रतिनिधियों एवं स्कूल के प्रधानपाठक व शिक्षकों के द्वारा की जाती रही। किंतु विभागीय अधिकारियों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत सिर्री में मिडिल स्कूल का शेड तेज आंधी में उड़ गया था। उस घटना में 10 बच्चे घायल हुए थे। तत्कालीक तौर पर जांच के लिए प्रशासन ने आरईएस के कार्यपालन अभियंता को जांच का जिम्मा सौंपा था। उक्त जांच रिपोर्ट में ठेकेदार के खिलाफ क्या कार्यवाही हुई यह आज तक सार्वजनिक नहीं हो सकी है। इधर अन्य स्कूलों का भी नवा जतन योजना के तहत मरम्मत किए जाने के बाद भी सिपेज की शिकायतें अभी भी सामने आ रही है। कुछ स्कूलों के मरम्मत कार्य में जमकर लापरवाही बरती गई। निर्माण सामग्री की गुणवत्ता को लेकर शिकायतें सामने आई थी। अब जाकर राज्य शासन के निर्देश पर शिक्षा विभाग ने कलेक्टर के निर्देश पर जांच कमेटी बनाई है जो जिले में नवा जतन योजना अंतर्गत जीर्णोद्धार किए गए स्कूलों में पहुंचकर कार्य की स्थिति और उपयोग किए गए सामग्रियों का भौतिक सत्यापन करेगी। जांच में तकनीकी अधिकारी भी शामिल किए गए हैं जिनके द्वारा निर्माण में तकनीकी दृष्टि से बरती गई लापरवाही भी सामने आएगी।

**मिले हैं जांच के निर्देश**

नवा जतन योजना अंतर्गत स्कूलों में किए गए जीर्णोद्वार के कार्यों की जांच के लिए शासन से निर्देश मिला है। जिसके लिए कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी की रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। उसके बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

-टीपी उपाध्याय, डीईओ

### बतरा मिडिल स्कूल जर्जर, लहरपारा स्कूल में लग रही कक्षाएं



शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला का निर्माण वर्ष 2007-08 में हुआ। इस विद्यालय में प्रधानाचार्य, शिक्षक, शिक्षिका सहित स्कूली बच्चों के लिए समुचित व्यवस्थाएं तो करायी गई। लेकिन निर्माण के बाद से इस भवन को रंगाई- पोताई के अलावा आजतक दुरुस्त नही कराया जा सका है। आलम यह है कि स्कूल भवन अत्यंत जर्जर हो चुका है। स्कूल की छत व दीवारों से जगह-जगह प्लास्टर उखड़ रहा है। वर्षाकाल में दीवारों में सीलन भी हो गया है। छत से बरसात का पानी भी टपकता है। इस स्कूल में गांव के करीब 200 बच्चे अध्यनरत हैं। शिक्षकों ने आगे बताया कि स्कूल के जर्जर हालत को लेकर खंड शिक्षाधिकारी एसएन साहू को जानकारी दी गई तब उनके द्वारा निरीक्षण पश्चात स्कूल में ताला लगाने व एक किलोमीटर दूर लहरापारा स्थित रिक्त पड़े एक शाला भवन में अध्यापन कार्य संचालित कराने के निर्देश दिए है किंतु अभिभावक अपने बच्चों को लहरापारा स्कूल नही भेजना चाह रहे जिस कारण वे अपने बच्चों को पढ़ने के लिए भी नही भेज रहे है। वहीं पालकों ने विरोध जताते हुए कहा है कि बतरा में संचालित सोसायटी भवन व पंचायत कार्यालय को पूर्व में ग्राम लहरापारा स्थानांतरित कर संचालन किया जा रहा है, अब माध्यमिक शाला को भी लहरापारा में संचालित करने की योजना बनाई गई है। ऐसे में हमारे बच्चों को पढ़ने के लिए एक किलोमीटर दूर जाना पड़ेगा।

### किचन शेड व कमरे का गिरा प्लास्टर, टपक रहा पानी



विकासखण्ड पाली अंतर्गत ग्राम पंचायत उतरदा के जयंती नगर स्कूल का किचन शेड इतना जर्जर हो चुका है कि छत से प्लास्टर गिर रहा है और छत का सरिया नजर आने लगा है। परेशानी इतनी नहीं बारिश होने पर छत से पानी भी कमरे में टपक रहा है। जिसके कारण कमरे में बाल्टी लगाकर रखा गया है ताकि फर्श गिला न हो। वहीं बच्चों के लिए खाना बनाने के लिए बड़ी समस्या हो रही है। दूसरी ओर दहीबोरापारा के प्राथमिक शाला भवन जो वर्ष 2006 में बनाया गया था आज उक्त भवन के छत जमीन पर गिर रहे हैं। यहां भी छत पानी टपक रहा है। इस संबंध में उप सरपंच इंद्रसेन यादव ने बताया कि इस समस्या को लेकर संबंधितों को कई बार अवगत कराया गया है, लेकिन कोई भी इस ओर ध्यान देना मुनासिब नहीं समझा शायद किसी हादसा या दुर्घटना का इंतजार है।

## स्कूलों के लिए जनभागीदारी समिति का हुआ गठन, बनाए गए अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रदेश सरकार द्वारा जिले के शहर एवं ग्रामीण अंचलों में संचालित हायर एवं हाई स्कूल में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का गठन किया गया है। जिसके अध्यक्ष भी जिला प्रशासन द्वारा मनोनित किए गए हैं जिनमें शा.उ.मा.वि. बल्गीखार में अशोक स्वर्णकार,73 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय गोपालपुर में रतिचन्द्र देवांगन, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जमनीपाली सुनील भटपहरे, शा. कन्या उ.मा.वि. बालको श्रीमती अर्चना रूनिझा, शा.उ.मा.वि. कोरबा (टीडब्ल्यूडी) में युगल कैवर्त, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय साडा कोरबा में झकेन्द्र देवांगन, शा.उ.मा.वि. रामपुर कोरबा (पीडब्ल्यूडी) संजीव शर्मा, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बालको में जितेन्द्रनाथ दुबे, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय एनसीडीसी कोरबा में श्रीमती मनोरमा शर्मा, शा. हाईस्कूल भैरोताल में विनोद राजपूत, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय दूरपा में भीम चौहान, शा. हाईस्कूल सुमेधा में किशन केंवट, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय दर्री में रामनारायण राठौर, शा.हाईस्कूल जे.पी. कालोनी कोरबा में रामशंकर साहू, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय सीतामणी में वैभव शर्मा, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय पोड़ीबहार में रामकुमार राठौर, स्वामी अत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पम्पहाउस में रामकिशोर यादव, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय कोहड़िया में राजकुमार पटेल, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय दादरखुर्द में गोपलाल राठिया एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय रुमगरा में श्री कृष्णा यादव शामिल हैं।

**खास बात**

- शहर के 21 स्कूल के लिए बनाई समिति

### कॉलेजों में प्रवेश पंजीयन के लिए पोर्टल ओपन

**कोरबा।** स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश प्राप्त करने आवेदन कर रहे छात्र-छात्राओं के लिए एक अच्छी खबर है। बीते दिनों द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया के तहत अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर ने प्रवेश पोर्टल पर पंजीयन क्लोज कर दिया था। इसके बाद भी बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं पंजीयन कराने से चूक गए थे। ऐसे विद्यार्थी, जिन्होंने स्नातक प्रथम वर्ष एवं स्नातकोत्तर पूर्व में प्रवेश के लिए अभी तक पंजीयन नहीं कराया है, उन्हें एक और मौका देते हुए विश्वविद्यालय ने रजिस्ट्रेशन के लिए प्रवेश पोर्टल फिर से ओपन कर दिया है। 15 जुलाई से खोले गए रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर नए विद्यार्थियों को पंजीयन कराने एक और अवसर देते हुए 21 जुलाई तक का समय दिया गया है। इस संबंध में कमला नेहरू महाविद्यालय कोरबा के प्राचार्य डॉ प्रशांत बोपापुरकर ने बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार प्रथम वर्ष स्नातक और स्नातकोत्तर के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया सोमवार से पुनः प्रारंभ कर दी गई है।

## मुर्गा हुआ लापता, पड़ोसी आपस में भिड़े, चले लाठी-डंडे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मुर्गी के साथ सैर पर गए मुर्गे के घर नहीं लौटने पर पड़ोसियों में पहले विवाद हुआ फिर दोनों पक्षों में मारपीट की नौबत आ गई। मामला पुलिस थाने तक पहुंच गया।

करतला थाना अंतर्गत ग्राम तौलीपाली निवासी रॉबिन मिंज साइकिल बनाने का काम करता है। उसने घर में एक मुर्गा पाल कर रखा है। रॉबिन का मुर्गा पड़ोसी धनेश्वर गोंड की मुर्गी के साथ चरने जाता है। रोजाना दोनों साथ सैर पर निकलते हैं और फिर लौट आते हैं। 13 जुलाई को दोनों एक साथ दाना चुगने निकले। मुर्गी तो वापस अपने मालिक के घर लौट आई लेकिन मुर्गा नहीं लौटा। मुर्गे के नहीं लौटने पर रॉबिन मिंज पड़ोसी धनेश्वर के घर पड़ताल करने पहुंच गया। इसी बात को लेकर दोनों पड़ोसियों के बीच विवाद हो गया। धनेश्वर ने अपने बेटे के साथ मिलकर रॉबिन से गाली गलौच शुरू कर दी। बात मारपीट और लाठी-डंडे तक पहुंच गई। रॉबिन मिंज ने करतला थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। करतला पुलिस ने रॉबिन मिंज की रिपोर्ट पर धनेश्वर और उसके बेटे के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 3(5), 351(2), 115 और 296 के तहत अपराध पंजीबद्ध करकर जांच शुरु कर दी है।

## चार माह तक मांगलिक कार्य पर लग जाएगा ब्रेक

**कोरबा।** दो दिन बाद अर्थात 17 जुलाई से चार माह के लिए मांगलिक कार्य पर ब्रेक लग जायेगा, क्योंकि बुधवार से देवशयनी एकादशी लग रहा है। उसके बाद 12 नवम्बर को देवउठनी एकादशी के बाद फिर से मांगलिक कार्य प्रारंभ हो जाएंगे। फिलहाल इस माह में शादी के लिए केवल 2 दिन का ही समय शेष रह गया है। पुराणों के अनुसार देवशयनी एकादशी के दिन से भगवान विष्णु विश्राम करने के लिए छीरसागर चले जाते हैं। बता दें कि वर्ष 2024 में मांगलिक कार्यों के लिए गिनती के ही शुभ मुहुर्त थे। शादी के लिए चंद दिनो का मुहुर्त निकला था, जिसमें जनवरी, मार्च, अप्रैल माह में ही शुभ मुहुर्त थे उसके बाद जुलाई माह में शादी के लिए केवल 7 दिनों का ही समय था। इस समय में भी कई लोगी के घरों पर शहनाई बजी है। अब 17 जुलाई को देवशयनी एकादशी पड़ रही है। उसके बाद 4 माह तक कोई भी मांगलिक कार्यक्रम नहीं होंगे। शादी के लिए लोगों को अब नवम्बर माह का इंतजार करना पड़ेगा, क्योंकि 12 नवम्बर को देवउठनी पर्व है इस दिन से शादी विवाह सहित अन्य शुभ कार्यक्रम जैसे मुंडन, उपनयन, गृहप्रवेश इत्यादी कार्यक्रम होते हैं।

## अलग-अलग घटनाओं में दो की मौत, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पहली घटना रजगामार चौकी क्षेत्र के ग्राम कोरकोमा की है। यहां निवासरत केशव पटेल 37 वर्ष पिता शिवनारायण पटेल की तबियत बिगड़ने पर उसे परिजनों द्वारा उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां चिकित्सकों ने उसे परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। केशव की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। परिजनों ने पुलिस को जो जानकारी दी है उसके मुताबिक संभवतः हदयाघात से उसकी मौत हुई है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा। वहीं दूसरी घटना बालको थाना क्षेत्र के ग्राम चुईया की है। यहां निवासरत विनोद सरकार 44 वर्ष पिता ओमी सरकार को सुबह किसी जहरीले जीव ने काट लिया था परिजनों को इसकी भनक लगने पर उसे आनन-फानन में उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया लेकिन अस्पताल पहुंचने के पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी। चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### कलेक्टर जनचौपाल में आमजनों की सुनी गई समस्याएं

# आवेदनों पर करें कार्रवाई, आवेदक को न आना पड़े दोबारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



समस्याएं सुनते कलेक्टर।

जनचौपाल में कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा जिले के दूर दराज के इलाकों, पहाड़ी क्षेत्रों, वनांचलों से अपनी समस्याओं, शिकायतों के निराकरण हेतु आने वाले लोगों की परेशानियों को गंभीरता से सुनकर अधिकारियों को निराकरण करने हेतु निर्देशित किया। जनचौपाल में अलग-अलग समस्याओं के निराकरण हेतु कुल 64 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने प्रकरणों के अनुसार संबंधित अधिकारियों को आवेदन प्रेषित करते हुए यथाशीघ्र नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए हैं। जनचौपाल में स्वास्थ्य उपचार, नए अंत्योदय राशन कार्ड निर्माण, रोजगार की मांग, सड़क नाली निर्माण, जाति प्रमाण पत्र, बाजार शेड निर्माण, बिजली कनेक्शन हटवाने, अतिक्रमण हटाने, रिकार्ड दुरुस्ती, अभिलेख शुद्धता, नामांतरण, मुआवजा दिलवाने, नए विद्यालय भवन, सीमांकन कराने जैसे अन्य आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर अजीत वसंत ने सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर आवेदनों का परीक्षण कर शासन के नियमानुसार समय सीमा में कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनचौपाल में प्राप्त होने वाले आवेदनों पर समुचित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए जिससे आवेदक को दोबारा जनचौपाल में आना ना पड़े।

### काम से निकाला, मजदूरों के सामने रोजी-रोटी की समस्या



एसईसीएल की मेगा प्रोजेक्ट एसईसीएल कुसमुंडा खदान के अधीन कार्यरत एक निजी कंपनी प्रबंधक पर खदान में कार्यरत 110 कर्मचारियों को बिना सूचना व नोटिस दिए काम से निकाल देने का आरोप लगाया गया है। जिससे सैंकड़ों मजदूर बेरोजगार हो गए, उनके सामने रोजी रोटी की समस्या आ रही है। जनदर्शन में अपनी शिकायत लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे मजदूरों ने एक निजी कंपनी पर आरोप लगाया है। कुछ लोगों के द्वारा खदान में घुसकर दादागिरी व मारपीट की जाती है। मजदूरों का कहना है कि निजी कंपनी के प्रबंधक ने सभी मजदूरों को कंपनी में काम देने से साफ मना कर दिया है। उक्त मामले से मजदूरों ने एसईसीएल कुसमुंडा प्रबंधन को भी अवगत कराया है।

***कोरबा।** एचटीपीपी संयंत्र में एसईसीएल की कुसमुण्डा खदान से कन्वेयर बेल्ट के जरिए कोयले की आपूर्ति की जाती है। इसी संयंत्र के समीप ही इरेक्टर हॉस्टल के पास खाली जमीन पर विस्तार नीति से 660 मेगावाट की दो क्रिटिकल यूनिट लगाए जाने की योजना है, ऐसे में कोयले की आपूर्ति को लेकर दिक्कतें नहीं आएगी।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780